पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.)

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई–मेलः reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांकः– 25547 दिनांकः– 02/07/2024

"चतुर्थ दीक्षांत समारोह"

विश्वविद्यालय परिसर के नियमित विद्यार्थियों हेतु आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय परिसर के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04 जुलाई, 2024 को अपराह्न 12:15 बजे विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा हैं। दीक्षांत समारोह में माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं विश्वविद्यालय कुलाधिपति श्रीमान् कलराज मिश्र, अध्यक्षता करेंगे तथा श्रीमान् गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री मुख्य अतिथि एवं श्रीमान् प्रेमचन्द बैरवा, उपमुख्यमंत्री तथा उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार विशिष्ट अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम की गरिमा व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में भाग लेने वाले नियमित विद्यार्थियों से यह अपेक्षा है कि वे निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व अर्थात् सुबह 10:15 बजे तक विश्वविद्यालय में उपस्थित हो जावें। आपको अपने साथ विश्वविद्यालय द्वारा नियमित छात्र के रूप में जारी परिचय पत्र साथ लाना अनिवार्य है। इस परिचय पत्र के आधार पर आपको अपना पास जारी करवाकर कार्यक्रम में सम्मिलित होना होगा।

अपेक्षा है आप सभी कार्यक्रम की गरिमा को बढाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

उपकुलसचिव (शैक्षणिक)
एवं समन्वयक दीक्षांत–2024